दिनांकः 10.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति, उभरते भारत में न्यायपालिका की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता और राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव सहित कई न्यायाधिकारी और विधि वक्ता मौजूद हैं। गौरतलब है कि उपराष्टपति दो दिन के दौरे पर कल जोधपुर पहुंचे थे। आज उनका दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

....

राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े आज बाड़मेर जिले के दौरे पर हैं। राज्यपाल ने सरहदी गांव तामलोर में विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने स्थानीय विद्यालय में पौधा लगाया और विद्यार्थियों से बातचीत की। राज्यपाल सीमा चौकियों पर जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। श्री बागड़े का आज जिला स्तरीय अधिकारियों से समीक्षा बैठक का भी कार्यक्रम है। इससे पहले सुबह मालाणी एक्सप्रेस से बाडमेर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत किया गया। बाद में उन्हें बाड़मेर सर्किट हाउस पहुंचने पर गार्ड ऑफ आर्नर दिया गया।

....

राज्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज कई स्थानों पर तिरंगा रैली निकाली गई। आजादी की सालगिरह के अवसर पर 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के प्रति गर्व की भावना का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर नागौर में आज शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से तिरंगा दौड़ आयोजित की गई। हनुमानगढ में अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से सेल्फी लेकर कैप्शन के साथ अपलोड करने की प्रतियोगिता शुरू की है। झुंझुनूं में नगर परिषद की ओर से निकाली गई तिरंगा और बाइक रैली में जनप्रतिनिधयों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा भी शामिल हुए। वहां शहरवासियों को निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज मुहैया कराए जा रहे हैं। बारां में कला जत्थों ने तिरंगा गीत गाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। नीमकाथाना जिले में डाक घरों से तिरंगा खरीदने को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। जालौर में जिला प्रशासन की ओर से शिलाफल्कम कार्यक्रम और तिरंगा मेला रखा गया है।

....

प्रदेश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत आज 19 साल तक की उम्र के बच्चों और किशोर–किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाई जा रही है। अभियान के तहत लगभग 3 करोड़ 33 लाख 59 हजार बच्चों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। यह दवा प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क खिलाई जा रही है।

....

प्रदेश में मॉनसून के बादल मेहरबान बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर जबकि पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर बारिश की गतिविधियां बनी रहीं। सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर बारिश प्रतापगढ़ के पीपलखूंट में दर्ज की गई। इसके अलावा डीग में 9 सेंटीमीटर, कामां और बामनवास में 8–8, कोटा, करौली और रामगढ़ में 6–6 सेंटीमीटर जबकि शेखावाटी क्षेत्र के कई इलाकों में चार से पांच सेंटीमीटर पानी बरसा। राजधानी जयपुर में पिछले कुछ दिनों से जारी बरसात का दौर आज भी बना हुआ है। सुबह से ही रुक–रुक कर वर्षा हो रही है।

करौली जिले में हो रही बारिश के चलते पांचना बांध के तीन गेट खोलकर आज भी पानी की निकासी की जा रही है। टोंक जिला मुख्यालय सहित आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ है। वहां बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी है।
मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पूर्वी राजस्थान के ऊपर परिसंचरण तंत्र आज भी सक्रिय बना हुआ है। इसके असर से पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में मध्यम से तेज बारिश की गतिविधियां आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है।

....

आज 'वर्ल्ड लॉयन डे' है। इसका उद्देश्य शेरों के सरंक्षण के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। विश्व स्तर पर शेरों की कम हो रही संख्या को देखते हुए इनके संरक्षण के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। भारत एशियाई शेरों के लिए सुरक्षित स्थल है। एशियाई शेर केवल गुजरात के गिर जंगलों में मिलते हैं। पर्यावरण मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि वर्तमान में भारत में शेरों की संख्या 674 है।

....